# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी वनमण्डल सतना
# जिला–सतना (म.प्र.)

**PHONE ☎-07672-223355** **E- MAIL-dfotsatna@mp.gov.in**


क्रमांक / स्टोर / 2025 / 9804 सतना, दिनांक 31.10.2025

## वर्ष 2025-26 में सामग्री प्रदाय हेतु निविदा तिथिवार विवरण

1. निविदा प्रपत्र म0प्र0शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा संबंधी सामान्य जानकारी वन विभाग की वेब.साईट https://mpforest.gov.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।
2. यह निविदा सतना एवं मैहर वनमंडल के लिये सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है।
3. सामग्री क्रय हेतु निविदा की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर आनलाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी।
4. निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण आनलाईन देखी जा सकती है :–

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | 03-11-2025 &06:00PM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in प्रदर्शित् है। |
| Tender Sale Start Date & Time | 03-11-2025& 06:00PM | |
| Pre Bid Meeting Date | - | |
| Bid Submission Start Date & Time | 03-11-2025 & 06:00PM | |
| Bid Submission closing Date & Time | 24-11-2025 & 02:00PM | |
| Bid Opening Date & Time | 25-11-2025 & 02:00PM | |

5. यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा खोली नही जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्य दिवस पर दोहपर 01:00 बजे खोली जावेगी।
6. प्रक्रिया-1 निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये राशि 2000.00रूपयेः (दो हजार रूपये मात्र) है। इसे ऑनलाईन जमा किया जाना है।
7. प्रक्रिया-2 तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया-1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग-2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित अपलोड किये गये दस्तावेज तथा प्रस्तुत किये गये सामग्री का सेंपल देखा जावेगा।
8. प्रक्रिया-3 तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया-2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो को ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।
9. प्रक्रिया–4 वित्तीय निविदा में चयनित निविदाकार को कार्य आदेश जारी होने के पूर्व निष्पादन सुरक्षा राशि (Performance Guarantee)किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ.डी.आर. / ड्राफ्ट / बैकर्स चेक / ऑनलाईनके माध्यम से वन मण्डलाधिकारी सतना वनमण्डल (सा. )के पक्ष में जमा कर उसकी मूल प्रति (Original Copy) वन मण्डल कार्यालय सतना में जमा करना अनिवार्य है।

(मयंक चांदीवाल) भा.व.से.
वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल, सतना

# SECTION II

### INSTRUCTIONS TO BIDDERS (ITB)

## A. Important Dates / General Information

<table>
<tr><th>Sr. no</th><th>Information</th><th>Details</th></tr>
<tr><td>1</td><td>संक्षिप्त विवरण</td><td>सतना एवं मैहर वनमण्डल के विभिन्न रोपण क्षेत्रों के लिए उपजाऊ मिट्टी, नीमखली, यूरि या खाद, डी.ए.पी.खाद, गोबर खाद एवं हड्डी चूरा सामग्री क्रय करने हेतु दरों की निविदा।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या</td><td>संख्या 9804 दिनॉक 31.10.2025</td></tr>
<tr><td>3</td><td>निविदा शुल्क / निविदा दस्तावेज की लागत</td><td>₹ 2000/- प्रोसेसिंग फीस + एवं पोर्टल फीस (पोर्टल द्वारा स्वचालित रूप से निर्धारित)</td></tr>
<tr><td>4</td><td>सत्यांकार निधि (EMD)</td><td>₹ 1,00,000/-</td></tr>
<tr><td>5</td><td>निविदा प्रस्ताव की वैधता</td><td>Within the Financial year (2025-26) in which the bid has been invited by Divisional Forest Officer Satna Division.</td></tr>
<tr><td>6</td><td>निष्पादन सुरक्षा</td><td>
<table>
<tr><th>क्र.</th><th>निविदा सामग्री विवरण</th><th>निष्पादन सुरक्षा राशि</th></tr>
<tr><td>1</td><td>नीमखली</td><td>₹ 50,000/-</td></tr>
<tr><td>2</td><td>गोबर खाद</td><td>₹ 1,00,000/-</td></tr>
<tr><td>3</td><td>जैविक खाद</td><td>₹ 1,00,000/-</td></tr>
<tr><td>4</td><td>उपजाऊ मिट्टी</td><td>₹ 3,00,000/-</td></tr>
<tr><td>5</td><td>यूरिया</td><td>₹ 50,000/-</td></tr>
<tr><td>6</td><td>डी.ए.पी.</td><td>₹ 50,000/-</td></tr>
<tr><td>7</td><td>हड्डी चूरा</td><td>₹ 50,000/-</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>7</td><td>अनुमानित निविदा मूल्य</td><td>₹ 1,00,00000/-</td></tr>
<tr><td>8</td><td>निविदा पूर्व बैठक की तिथि और समय</td><td>Nil</td></tr>
<tr><td>9</td><td>निविदा जमा करने की अंतिम तिथि</td><td>24-11-2025 & 02:00PM</td></tr>
<tr><td>10</td><td>प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि</td><td>25-11-2025 & 02:00PM</td></tr>
<tr><td>11</td><td>प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि</td><td>पोर्टल पर शेड्यूल देखें</td></tr>
<tr><td>12</td><td>जमा करने का प्रकार</td><td>Online Submission at https://mptenders.gov.in/</td></tr>
</table>

1. निविदा की स्वीकृत दरों की वैधता सफल निविदाकार और वन मण्डलाधिकारी सतना वन मण्डल के बीच आपसी सहमति के अधीन 90 दिनों तक बढ़ाई जा सकती है।
2. वन मण्डलाधिकारी सतना वन मण्डल (निविदाकर्ता) किसी भी समय और बिना कोई कारण बताए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (request for proposal) प्रक्रिया को समाप्त कर सकता है। निविदाकर्ता कोई भी स्पष्ट या निहित प्रतिबद्धता नहीं करता है किस इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप किसी के साथ कोई व्यापारिक लेनदेन होगा। यह प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) निविदाकर्ता द्वारा कोई प्रस्ताव नहीं है। इस प्रक्रिया में निविदाकर्ता, निविदाकार की भागीदारी के परिणामस्वरूप, निविदाकार से जानकारी या स्पष्टीकरण मांग सकता है। हालॉकि, निविदाकर्ता किसी भी समय बिना कोई कारण बताए इस प्रक्रिया को समाप्त कर सकता है।

(मयंक चांदीवाल) भा.व.से.
वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल, सतना

# निविदा की शर्ते

1. निविदा स्वीकार करने अथवा बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार वनमण्डल अधिकारी सतना को होगा।
2. इस निविदा की स्वीकृत दरें वित्तीय वर्ष 2025–26 (31.10.2026 तक) अथवा आगामी निविदा होने तक लागू रहेगी।
3. सफल निविदाकार को निविदा फॉर्म ऑनलाईन भरते समय ई.एम.डी. राशि के अतिरिक्त (जो निविदा प्रक्रिया ए.ओ.सी. पूर्ण उपरांत वापस हो जाती है) पृथक से कार्य आदेश प्रदाय के पूर्व **SECTION II (ITB) की अनुसूची A के अनुक्रमांक –6** पर दर्शित तालिका अनुसार राशि रूपये **धरोहर राशि** जमा करना अनिवार्य रहेगा, जो निविदा अवधि (31 अक्टूबर, 2026) के बाद 90 दिन की अवधि के लिये वैध होना आवश्यक रहेगा एवं धरोहर के रूप मे ''**वनमण्डल अधिकारी सतना**'' के पक्ष में देय होगा।
4. निविदा Boq में सामग्री की दर जिस इकाई में मांगी गई है, उसी इकाई में मान्य होगी। किसी अन्य इकाई निविदा फार्म में भरने पर निविदा अमान्य कर दी जावेगी।
5. निविदा संबंधी अनिवार्य अभिलेख :–

| क्र. | अभिलेखों का विवरण | संलग्न किये जाने वाले पृष्ठों की अनुमानित संख्या |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकार का जीवित जी.एस.टी. पंजीयन | 01 |
| 2 | निविदाकार के पेन कार्ड की छायाप्रति। | 01 |
| 3 | निविदाकार के आधार की छायाप्रति। | 01 |
| 4 | फर्म के स्थापना पंजीयन की छायाप्रति | 01 |
| 5 | विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न (ITR) 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 | 06 |
| 6 | विगत तीन वर्षो का औसत टर्न ओवर 50 लाख से अधिक का सी.ए. द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र। | 01 |
| 7 | 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा ब्लैक लिस्टिंग न होने संबंधी प्रमाण पत्र (अनुलग्नक –1) | 01 |
| 8 | निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म का विवरण – अनुलग्नक –2 | 02 |
| 9 | निविदाकार के संबंध में सामग्री प्रदाय करने हेतु स्थल निरीक्षण के संबंध में संतुष्टि प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा (अनुलग्नक –3) | 01 |
| 10 | नीम खली/हड्डी चूरा/जैविक खाद स्पेसीफिकेशन (अनुलग्नक –4) | 01 |
| 11 | स्टार्टअप इंडिया प्रमाणपत्र यदि वार्षिक औसत टर्नओवर या पिछले अनुभव से छूट का दावा किया गया है, तो। | 01 |
| 12 | निविदा की शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ एवं अंत में दर्शित शपथ –पत्र (फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित) | 04 |
| | **कुल** | **21** |

6. निविदाकार द्वारा उपरोक्त निविदा शर्तो के अनुरूप 21 अभिलेखों को ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना होगा, किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम पृष्ठों की संख्या 60 होगी। यदि आपके द्वारा संलग्न अभिलेख 60 पृष्ठ से अधिक पाये जाते है या कोई अनावश्यक दस्तावेज जो इस निविदा से संबंधित नहीं है, उसे संलग्न किया जाता है, तो आपकी निविदा बिना किसी पूर्व सूचना के **अमान्य कर दी जावेगी**, जिसके लिए आप स्वतः जवाबदार होंगे। इस संबंध मे विभागीय तकनीकी क्रय समिति का निर्णय अंतिम होगा।
7. प्रदाय आदेश जारी होने की तिथि से **07 दिवस के** अन्दर **दिये गये स्पेशीफिकेशन के अनुरूप**सामग्री, कार्य आदेश मे वर्णित स्थल पर प्रदाय करना **अनिवार्य** होगा। 07 दिवस के अंदर सामग्री, संबंधित स्थल पर प्राप्त नहीं होने पर संबंधित वन परिक्षेत्र अधिकारी/उप वनमण्डल अधिकारी/संचालक, मुकुन्दपुर जू इस कार्यालय को सूचना देते हुये स्वयं बाजार दर पर क्रय करने हेतु अधिकृत होंगे एवं बाजार दर निविदा दर से अधिक होने पर अंतर की राशि निविदाकार से वसूल की जा सकेगी। प्रदाय आदेश निविदाकार द्वारा प्रदाय किये गये **स्थाई पता अथवा E-Mail अथवाWhatsaap No.**पर प्रदाय किया जावेगा जो मान्य होगा।यदि निविदाकार द्वारा समय–सीमा मे गुणवत्तापूर्ण सामग्री नहीं प्रदाय की जाती है, तो **निविदाकार को काली सूची मे दर्ज कर धरोहर राशि राजसात की जावेगी।**
8. सामग्री स्थल पर प्रदाय करने के उपरान्त प्राप्ति की रसीद सम्बन्धित अधिकारी से प्राप्त कर कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा तथा गुणवत्ता की संतुष्टि कराना निविदाकार का उत्तरदायित्व होगा।
9. जहां भी लागू होगा, सामग्री में रिक्तियों /Void की कटौती की जाएगी।
10. सफल निविदाकार को सतना एवं मैहर वन मण्डल के विभिन्न क्षेत्रो/स्थल के अनुरूप उपजाऊ मिट्टी (जैसे रेतीली मिट्टी, चिकनी मिट्टी, काली मिट्टी, दोमट व दोमट गादयुक्त मिट्टी, पीटी मिट्टी) **वन परिक्षेत्र अधिकारियों के मॉग अनुसार** गुणवत्तापूर्ण उपजाऊ मिट्टी आदेशित स्थल में प्रदाय करना होगा।
11. निविदाकार द्वारा प्रदाय की गई उपजाऊ मिट्टी की, शासन द्वारा अधिकृत संस्था से Soil Testing कराकर प्रतिवेदन देना अनिवार्य होगा। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा भी पृथक से Soil Testing किया जावेगा। मिट्टी उपजाऊ होने तथा मृदा परीक्षण प्रतिवेदन में उपयुक्त होने पर ही मिट्टी उपयोग में ली जावेगी।
12. निविदाकार द्वारा प्रदाय की गई हड्डी चूरा (Bone Meal), नीमखली एवं जैविक खाद (Organic Manure) की शासन द्वारा अधिकृत Laboratory सेजॉच कराकर प्रतिवेदन देना अनिवार्य होगा। आवश्यकता पड़ने पर परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा पृथक से लैब टेस्टिंग कराई जावेगी, जिसके व्यय का वहन सफल निविदाकार द्वारा किया जावेगा। प्रदाय की गई हड्डी चूरा, नीमखली अथवा जैविक खाद दिये गये स्पेशीफिकेशन अनुसार न होने पर सफल निविदाकार के व्यय पर लौटा दी जावेगी एवं ऐसा एक से अधिक बार होने पर **निविदाकार को काली सूची मे दर्ज कर धरोहर राशि राजसात की जावेगी।**
13. प्रदाय की जाने वाली डी.ए.पी. खाद बी.आई.एस. के **IS 6448:1993** एवं यूरिया खाद बी.आई. एस. के **IS 1781:2022** द्वारा निर्धारित मापदण्डो अनुसार होना चाहिए।
14. प्रदाय की सामग्री की माप एवं गुणवत्ता का परीक्षण राजपत्रित अधिकारी द्वारा किए जाने के पश्चात् ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। सत्यापन में निर्धारित गुणवत्ता की सामग्री न पाये जाने पर प्रदाय सामग्री निविदाकार को स्वयं के व्यय पर स्थल से हटानी होगी तथा किसी तरह की क्षतिपूर्ति विभाग द्वारा नहीं दी जावेगी।
15. प्रदाय निविदा सामग्री की माप एवं गुणवत्ता मानक से कम पाए जाने पर सामग्री अस्वीकार करते हुए निविदा निरस्त कर, जमा की गई जमानत की राशि राजसात की जा सकेगी व निविदाकार को आगामी तीन वर्षो के लिए काली सूची मे दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी।

इस बावत् वन मण्डल अधिकारी, सामान्य वन मण्डल सतना का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

16. निविदाकार को विगत वर्षो में मध्यप्रदेश शासन के किसी भी विभाग को निविदा सामग्री प्रदाय करने का **कार्य आदेश** संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिसके बिना निविदा मान्य नहीं की जायेगी।
17. शर्तों के अतिरिक्त अन्य शर्त शासन नियमानुसार परिवर्तन एवं संशोधन करने का अधिकार वन मण्डलाधिकारी सतना को होगा, जिसे निविदाकार को मान्य किया जाना होगा।
18. सफल निविदाकार को वन मण्डल सतना एवं मैहर के विभिन्न क्षेत्रों में वहॉं के भौगोलिक स्थल अनुसार गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध करानी होगी।
19. निविदा में संलग्न शर्तो के अनुसार दस्तावेज अपूर्ण होने की स्थिति में निविदा स्वतः निरस्त मानी जावेगी, जिसके लिये आप स्वतः उत्तरदायी होगे।
20. निविदा दरें कार्य स्थल तक परिवहन, लोडिंग – अनलोडिंग, स्टेकिंग व्यय व रायल्टी सहित होगी। दर समस्त करों सहित प्रस्तावित करना होगा।
21. भुगतान पर प्रचलित नियमानुसार टी.डी.एस. की राशि काटी जावेगी।
22. निविदा दर स्वीकृत होने पर 500/– रूपये का स्टाम्प पेपर में निविदा शर्त की सभी बिन्दुओं पर अनुबंध प्रस्तुत करना होगा।
23. प्रदाय निविदा सामग्री अच्छी गुणवत्ता की होनी चाहिए तथा उसमें किसी प्रकार की अशुद्धियॉं, पत्थर या मिलावट नहीं होनी चाहिए।
24. दरें स्वीकृत होने पर Specification के अनुसार बिल के साथ सामग्री प्रदाय किया जाना होगा।
25. जिन बिन्दुओं के संबधं मे प्रावधान इस निविदा सूचना में नहीं है, उनके सम्बन्ध में वन मण्डल अधिकारी सतना को निर्णय लेने का अधिकार होगा एवं निविदाकार को वह निर्णय मान्य करना बन्धनकारी होगा।
26. यहकि सफल निविदाकार को किसी अन्य व्यक्ति, फर्म/संस्था को निविदा हस्तांतरित करने का अधिकार किसी भी दशा मे नही होगा।
27. सभी संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे सतना वन मण्डल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र का दौरा करें और कार्य स्थितियों से खुद को परिचित करें। इस संबंध में एक प्रमाण पत्र **(अनुलग्नक 3)** निविदाकार द्वारा भरा जाना चाहिए। पूरा प्रमाण पत्र निविदा दस्तावेजों के साथ अपलोड किया जाना चाहिए।
28. निविदाकार द्वारा **अनुलग्नक–1** में उल्लेखित प्रारूप के अनुसार निविदादस्तावेजों के साथ रूपये 100 के स्टाम्प पेपर पर एक स्व–घोषणा –"**नो ब्लैकलिस्टिंग सर्टिफिकेट**" प्रस्तुत करना होगा।
29. समस्त विवाद का न्यायालयीन क्षेत्र सतना रहेगा।
30. उपरोक्त शर्तो में परिवर्तन वनमण्डलाधिकारी सतना द्वारा किया जा सकेगा एवं वनमण्डल अधिकारी का निर्णय सर्वमान्य होगा।
31. किसी भी समय किसी भी परिस्थिति मे निविदा निरस्त करने का अधिकार वनमण्डल अधिकारी सतना का होगा, जिसे निविदाकार को मान्य करना बंधनकारी रहेगा।

32. निविदा स्वीकृति उपरान्त सफल निविदाकार द्वारा बिन्दु क्रमांक 1 से 32 मे उपरोक्त वर्णित शर्तों मे से किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर उसकी निविदा निरस्त कर, ई.एम.डी. की राशि शासन के पक्ष मे राजसात की जावेगी तथा द्वितीय सफल निविदाकार को उपरोक्त शर्तों के अधीन सामग्री प्रदाय आदेश प्रदाय किया जावेगा।

**वन मण्डल अधिकारी, सतना**

**शपथ–पत्र**

मैं ........................................................................ घोषणा करता हूँ कि मुझे इस निविदा में उक्त सभी शर्तें मन्जूर हैं । निविदा शर्त के बिन्दु क्रमांक 1 से 33 मे उपरोक्त वर्णित शर्तों मे से किसी भी शर्त का मेरे द्वारा उल्लंघन करने पर एवं गलत जानकारी देने की स्थिति में मैं पूर्णतः जिम्मेदार रहूँगा तथा वन मण्डल अधिकारी सतना का निर्णय मुझे मान्य होगा ।

**निविदाकर्ता/फर्म का नाम .......................................**

**सील एवं हस्ताक्षर**

**दिनांक :–**

## **अनुलग्नक - 1**

प्रारूप: स्वघोषणा – ब्लैकलिस्टिंगप्रमाणपत्रनहीं

रू ***100 केस्टाम्पपेपरपरप्रस्तुतकियाजानाहै***

तारीख:दिन/माह/वर्ष

सेवा में,

वनमण्डलाधिकारी,

वनमण्डल सतना

महोदय/महोदया,

निविदा संदर्भ संख्या_____________________________दिनांक ___________के प्रत्युत्तर में वनमण्डल सतना एवं मैहर में... की आपूर्ति, ________________________________________________ के मालिक/भागीदार/निदेशक के रूप में,

मैं/हम एतदद्वारा घोषणा करते हैं कि वर्तमान में हमारी कंपनी/फर्म.......................................................................................का रिकार्ड बेदाग है और उसे किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा अनिश्चितकाल के लिए या किसी विशेष अवधि के लिए भ्रष्ट और धोखाधड़ी पूर्ण कार्यों के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

हम आगे घोषणा करते हैं कि वर्तमान में हमारी कंपनी/फर्म................................................................................कालीसूची में नहीं है और न ही निविदा प्रस्तुत करने की तिथि पर किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा भ्रष्ट और धोखाधड़ी पूर्ण व्यवहार के अलावा अन्य कारणों से काली सूची में नहीं डाली गई और न ही अयोग्य घोषित की गई है।

यदि यह घोषणा गलत पाई जाती है तो किसी भी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति पूर्णतः जब्त कर ली जाएगी तथा निविदा, यदि कोई हो, को स्वीकार की गई सीमा तक रद्द कर दिया जाएगा।

धन्यवाद,

निविदाकार का नाम:-

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता: -

संगठन की मुहर:-

तारीख:-

स्थान:-

## अनुलग्नक - 2

प्रारूप: निविदा मेंलगानेवालेव्यक्ति/फर्मकाविवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम: | |
| 2. | निविदाकार का नाम | |
| 3. | पिता का नामः- | |
| 4 | स्थायी पताः- | |
| | | |
| | | जिला ..................................पिन कोड.................................. |
| | | मो0 नं0 |
| | | मो0 नं0 व्हाट्सएप |
| | | ई–मेल आई0डी0 |
| 5. | कार्यालय का पूरा | |
| | | |
| | | जिला ..................................पिन कोड.................................. |
| | | मो0 नं0 |
| | | मो0 नं0 व्हाट्सएप |
| | | ई–मेल आई0डी0 |

**निविदाकार के हस्ताक्षर एवं फर्म की सील**

# घोषणा

मैं..............................................पिता/पति..............................................मैं घोषणा करता हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही है। यदि उपरोक्त जानकारी में कोई विसंगति पाई जाती है, तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। मैंने निविदा दस्तावेज की सभी शर्तों, नियमों और आवश्यकताओं को पढ़ और समझ लिया है तथा उनका पालन करने की शपथ लेता हूँ।

**निविदाकारकेहस्ताक्षर एवं फर्म की सील**

# अनुलग्नक - 3

## प्रारूपः सामग्री प्रदाय हेतु साइटसंतुष्टिकाप्रमाणपत्र

मैं / हम ................................................................ जानता हूॅ/ जानते है कि सामग्री की आपूर्ति का दायरा जिला सतना एवं मैहर का सम्पूर्ण भौगोलिक क्षेत्र होगा। मैं/हम वनमण्डल के अंदर किसी भी दिये गये स्थान पर आपूर्ति करने के लिए सहमत हैं।

मुझे/हमें क्षेत्र, प्रकार, स्तर, दूरीआदि के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है।

मैंने/हमने बोली के लिए आवेदन करने से पहले कार्य/आपूर्ति स्थान का गहन निरीक्षण कर लिया है तथा कार्यस्थल से पूर्णतः संतुष्ट हैं तथा कार्य की सभी स्थितियों को समझ लिया है।

**निविदाकारकेहस्ताक्षर एवं फर्म की सील**

# अनुलग्नक - 4

## निविदा सामग्री का स्पेसीफिकेशन

1. नीम खली का स्पेसीफिकेशन :–

| Particulars / विवरण | Requirement / अपेक्षित मानक |
|---|---|
| Appearance / रूप | - Brownish granular or powder form / भूरे रंग का दानेदार या पाउडर रूप |
| Odour / गंध | - नीम की विशिष्ट गंध |
| Moisture content / नमी की मात्रा | - अधिकतम 10% तक |
| Oil content / तेल की मात्रा | - न्यूनतम 3% |
| Nitrogen (N) / नाइट्रोजन | - न्यूनतम 4.0% |
| Phosphate ($P_2O_5$) / फॉस्फेट | - न्यूनतम 1.0% |
| Potash ($K_2O$) / पोटाश | - न्यूनतम 1.5% |
| pH Value / पी.एच. मान | - Between 5.5 to 6.5 / 5.5 से 6.5 के बीच |

2. जैविक खाद का स्पेसीफिकेशन :–

| Particulars / विवरण | Requirement / अपेक्षित मानक |
|---|---|
| Moisture content / नमी की मात्रा | - अधिकतम 25% |
| Organic Carbon/ आग्रेनिक कार्बन | - न्यूनतम 14% |
| Nitrogen (N) / नाइट्रोजन | - न्यूनतम 0.5% |
| Phosphate ($P_2O_5$) / फॉस्फेट | - न्यूनतम 0.5% |
| Potash ($K_2O$) / पोटाश | - न्यूनतम 0.5% |
| NPK Nutrients | - न्यूनतम 3.0% |
| Particle Size | - न्यूनतम 90% 4.0mm sieve से पास होना चाहिए |

3. हड्डी चूरा (**Bone Meal**) का स्पेसीफिकेशन :–

| Particulars / विवरण | Requirement / अपेक्षित मानक |
|---|---|
| Moisture content / नमी की मात्रा | - अधिकतम8% |
| Nitrogen (N) / नाइट्रोजन | - न्यूनतम 3.0% |
| Phosphate ($P_2O_5$) / फॉस्फेट | - न्यूनतम 20% |
| Calcium | - न्यूनतम 12% |
| Particle Size | - न्यूनतम 90% 1.18mm sieve से पास होना चाहिए |

**निविदाकारकेहस्ताक्षर एवं फर्म की सील**